19 अप्रैल 2026

रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




डुमरांव में जनगणना 2027 कार्यों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, पारदर्शिता व शुद्धता पर दिया जोर

2



## एक नजर

### राहुल गांधी के आवास तक भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं का मार्च

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल पास न हो पाने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने कांग्रेस और विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन किया। कई वरिष्ठ भाजपा नेता और महिला सांसद समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घर तक मार्च करते हुए पहुंचे। इस प्रदर्शन में हेमा मालिनी और बांसुरी स्वराज समेत कई सांसद शामिल थीं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी इस मार्च में मौजूद रहे। पार्टी ने सोशल मीडिया पर 'धोखेबाज' लिखे पोस्टर साझा कर विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि देश की आधी आबादी इसे कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान चलाया। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने काले झंडे दिखाए और माथे पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

### आईपीएल : चेन्नई सीजन में चौथा मैच हारी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल के मौजूदा सीजन में चौथा मैच हार गई है। उसे शनिवार के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 रनों से हराया। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। राजीव गांधी स्टेडियम में 195 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन तक ही पहुंच सकी। इससे पहले हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा और हेनिरक क्लासन ने 59-59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सीएसके से जैमी ओवर्टन और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट लिए। हैदराबाद की ओर से ईशान मलिंगा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान और ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा। नीतीश कुमार रेड्डी और प्रफुल्ल हिंगे ने 2-2 विकेट झटके। शिवांग कुमार और साकिब हुसैन को एक-एक विकेट मिला।

## पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र और कानून-व्यवस्था : सामिक भट्टाचार्य

- भाजपा ने टीएमसी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप
- पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक हिंसा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख सामिक भट्टाचार्य ने शनिवार को राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार हमला किया। उन्होंने सरकार को जीवित जीवाश्म होने का तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार उधार के समय पर जी रही है। जनता ने उसे लगभग नकार दिया है। टीएमसी शासन की ओर से लोकतंत्र को कुचलने और कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक हिंसा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है, जबकि पुलिस ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने राज्य के लोग लोकतंत्र की बहाली चाहते हैं। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जहां 2021 के चुनावों के बाद टीएमसी द्वारा भाजपा के 253 पदाधिकारियों की हत्या कर दी गई थी। टीएमसी के गुंडों द्वारा मचाई गई हिंसा में लोकतंत्र पर हमला हुआ। सभा को याद दिलाते हुए कि 2011 में ममता बनर्जी ने 'लोकतंत्र की बहाली' के नारे के साथ 34 साल के वाम मोर्चा के शासन का अंत किया था। इसके तुरंत बाद, उनकी पार्टी ने माकपा की गुंडागर्दी और बाहुबल को अपना लिया। अगले दो कार्यकालों तक आतंक का राज कायम किया। उन्होंने लोगों और विपक्षी दलों को डराने-धमकाने की कोशिश की ताकि कोई भी उनके खिलाफ खड़ा न हो सके।

### इनकी राज में बंगाल कर्ज में डूबा

भाजपा के राज्यसभा सांसद ने कहा, यह अभूतपूर्व है कि एक राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल के फोन का जवाब नहीं दिया। कहा कि उन्हें सरकार की मंजूरी की जरूरत है। यह एक और सबूत है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र गंभीर खतरे में है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पर टीएमसी के सत्ता संभालने के समय 1.92 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो अब बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## भाजपा का पतन शुरू : सीएम ममता

**एजेंसी। हावड़ा**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित लागू में विफल रही है। जिससे भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है। केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उन्हें अपमानित होना पड़ा है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बैठे हैं।' केंद्र सरकार को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 2029 से 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करने के लिए लाया गया संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद में खारिज हो गया। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव पर निशाना साधते हुए, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी देश को बांटना चाहती है। बनर्जी ने कहा, 'भाजपा नेता परिसीमन इसलिए चाहते थे क्योंकि वे देश को बांटना चाहते थे।

### लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक खारिज हो गया

# महिला का अधिकार छीनकर विपक्ष ताली बजा रहा था : पीएम मोदी



- बिल को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के पारित न होने पर कहा, 'नारी के दुख में मैं भी दुखी हूं। महिलाओं को अधिकार देने वाला यह संशोधन, जो 40 वर्षों से लंबित था, उन्हें 2029 के लोकसभा चुनावों से ही यह अधिकार प्रदान करने के बारे में था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'नारी अपना अपमान कभी नहीं भूलती। महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करके विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। पीएम ने आगे कहा, 'आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। पीएम ने संबोधन में कहा, 'हमारे भरसक प्रयास के बावजूद हम सफल नहीं हो पाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन नहीं हो पाया। इसके लिए मैं देश की माताओं-बहनों से क्षमा प्रार्थी हूं। 'प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, कांग्रेस को यह पॉलिटिक्स अंग्रेजों से विरासत में मिली है और कांग्रेस आज भी उसी बैसाखी पर चल रही है। पीएम ने आगे कहा, 'कांग्रेस ने हमेशा देश में बंटवारे वाली भावनाओं को हवा दी है। इसीलिए यह झूठ फैलाया गया कि परिसीमन से कुछ राज्यों को नुकसान होगा। जबकि सरकार ने पहले दिन से ही यह साफ कर दिया है कि किसी भी राज्य की हिस्सेदारी का अनुपात नहीं बदलेगा, न ही किसी का रिप्रेजेंटेशन कम होगा, बल्कि सभी राज्यों की सीटें बराबर अनुपात में बढ़ेंगी।'

### देश की आधी आबादी के अधिकार का उत्सव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के बारे में कहा, 'महिलाओं को अधिकार देने वाला यह संशोधन, जो 40 वर्षों से लंबित था, उन्हें 2029 के लोकसभा चुनावों से ही यह अधिकार प्रदान करने के बारे में था।' पीएम ने आगे कहा, 'नारी शक्ति वंदन संशोधन 21वीं सदी के भारत की महिलाओं को नए अवसर प्रदान करने, उन्हें नई उड़ान देने और उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए किया गया एक भव्य यज्ञ था।' पीएम मोदी ने बताया, 'यह देश की 50 प्रतिशत–यानी आधी आबादी को अधिकार प्रदान करने के लिए, शुद्ध इरादे और ईमानदारी के साथ मनाया गया एक पवित्र उत्सव था।'पीएम मोदी ने देश को संबोधित करते हुए बताया, 'वो ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वो उनकी मंशा भाप रही हैं और सच्चाई भी भलीभांति जान चुकी है।'


### विपक्ष के लिए देशहित से बड़ा दलहित

पीएम ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा, 'हमारे लिए देशहित सर्वोपरि है। लेकिन जब कुछ लोगों के लिए दलहित सब कुछ हो जाता है, दलहित देशहित से बड़ा हो जाता है तो नारी शक्ति को, देशहित को... इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। इस बार भी यही हुआ है।'प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, 'आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि

## महिला आरक्षण नहीं संघीय ढांचे-संविधान पर हमले की साजिश का था बिल : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा परिसीमन संबंधी संविधान संशोधन बिल गिरने के बाद पक्ष-विपक्ष में शुरू हुई नैरिटव की जंग में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को विपक्षी दलों की ओर से सरकार पर जवाबी हमले का मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस नेता ने एनडीए-भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण की आड़ में देश के संघीय ढांचे और संविधान को बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का एकमात्र मकसद मनमाने तरीके से परिसीमन कर हमेशा सत्ता में बने रहना था। 2023 में पारित नारि शक्ति वंदन अधिनियम के तहत वर्तमान 543 सीटों पर ही



महिला आरक्षण लागू करने का समर्थन दोहराते हुए यह कहा कि सरकार ऐसा करती है तो संपूर्ण विपक्ष इसका समर्थन करेगा। कांग्रेस दफ्तर में की गई अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के विधेयक पर दिए भाषणों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों ने कहा था कि अगर विपक्ष बिल से सहमत नहीं होता, तो वे न कभी जीत पाएंगे, न कभी सत्ता में आ पाएंगे। उनके इरादों से साफ है कि यह पूरी साजिश किसी न किसी बहाने सत्ता में बने रहने की थी और उन्हें लगा कि अभी परिसीमन नहीं हुआ तो 2029 से पहले नहीं किया जा सकेगा। परिसीमन की जरूरत के सवाल पर प्रियंका ने कहा कि भाजपा ने असम तथा जम्मू-कश्मीर में हुए परिसीमन में अपने तरीके से हेरफेर किया और जो लोग संविधान की बिल्कुल परवाह नहीं करते उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वे जितना चाहें 'तमाशा' करें पर देश के लोगों को समझ आ गया है कि अब उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता, तो आप हमसे उन पर भरोसे की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

## ईरान ने फिर से बंद किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भले ही ईरान ने को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने का ऐलान कर दिया था, लेकिन अमेरिका की नाकेबंदी पूरी ताकत के साथ लगातार जारी रहेगी ईरान ने एक बार फिर से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर प्रतिबंध लगा दिए हैं और इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को दोबारा खोलने के अपने पहले के फैसले को पलट दिया है इसके साथ ही ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया है तेहरान ने धमकी दी है कि जब तक अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रखेगा। तक वह इस समुद्री रास्ते से अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही को बाधित करता रहेगा। दरअसल, यह घटनाक्रम शनिवार पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए नए कूटनीतिक प्रयासों के बीच सामने आया है, जब ईरान ने अमेरिका की तरफ से की गई एक टिप्पणी पर अपना रुख बदल लियो अमेरिका ने कहा कि वह ईरान से जुड़े जहाजों की नाकेबंदी खत्म नहीं करेगो इस पर ईरान के ज्वाइंट मिलिट्री कमांड ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण फिर से अपनी पुरानी स्थिति में लौट गया है और अब यह सशस्त्र बलों के कड़े प्रबंधन और कंट्रोल में है। सीएनएन ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट किया, ईरान और अमेरिका के वातार्कारों के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सोमवार (20 अप्रैल, 2026) को बातचीत के एक नए दौर की शुरूआत होने की संभावना है दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल रविवार (19 अप्रैल, 2026) को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच सकते हैं।







# शिवमय हुआ चरित्रवन: आदिनाथ अखाड़ा में पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

- **महामंडलेश्वर योगी श्री शीलनाथजी महाराज ने सुनाई ज्योतिलिंगों की महिमा, भजन-कीर्तन से गूंजा पूरा परिसर**



**केटी न्यूज/बक्सर**

चरित्रवन स्थित श्री आदिनाथ अखाड़ा शनिवार को पूरी तरह शिवमय नजर आया, जब गुरुदेव भगवान श्रीनाथ बाबा जी के प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के अवसर पर पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ हुआ। ह्लउॐ नमः शिवायह्व मंत्रोच्चार, शिव कीर्तन, महारुद्राभिषेक और आध्यात्मिक प्रवचनों से वातावरण भक्तिरस में डूब गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ अखाड़ा परिसर में उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति व उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में महामंडलेश्वर योगी श्री शीलनाथजी महाराज ने भक्तों को भगवान शिव के द्वादश ज्योतिलिंगों की महिमा सुनाई। अपने ओजस्वी प्रवचन में उन्होंने सोमनाथ और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की पौराणिक कथाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

उन्होंने बताया कि गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में प्रथम और अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि चंद्रदेव ने दक्ष प्रजापति के श्राप से मुक्ति पाने के लिए यहां भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें श्रापमुक्त किया, तभी से यह स्थान आस्था का महान केंद्र बन गया।

इसके बाद उन्होंने आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाई। महाराज ने कहा कि जब भगवान कार्तिकेय और गणेश के बीच पृथ्वी की परिक्रमा की शर्त लगी, तब कार्तिकेय पूरी पृथ्वी की यात्रा पर निकल पड़े, जबकि गणेश जी ने माता-पिता की परिक्रमा कर विजय प्राप्त कर ली। इससे नाराज होकर कार्तिकेय पर्वत पर चले गए। उन्हें मनाने भगवान शिव और माता पार्वती वहां पहुंचे और ज्योतिर्लिंग रूप में प्रकट हुए। यही स्थान आज मल्लिकार्जुन महादेव के रूप में प्रसिद्ध है।

प्रवचन के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा सुनते रहे। वहीं भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत शिव भजनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लबम बम भोलेह्व के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, कथा, सत्संग, भजन संध्या और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलेगा। दूर-दराज से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही चरित्रवन का श्री आदिनाथ अखाड़ा आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया है, जहां हर ओर शिवभक्ति की अलौकिक छटा बिखरी हुई है।

## ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से खेत में लगी आग, 6 बीघा पुआल जलकर राख

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव के पूर्व बधार में शनिवार को ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण खेत में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के ग्रामीण घबराकर मौके पर जुट गए। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत पंपसेट चालू कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे अन्य खेतों में फैलने से रोका जा सका। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो बड़ी क्षति हो सकती थी।इस आगजनी की घटना में किसान पिंटू दूबे का करीब छह बीघा खेत में रखा पुआल पूरी तरह जलकर राख हो गया। इससे उनके पशुओं के लिए चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। घटना के बाद किसान और उनके परिजन काफी चिंतित हैं।ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना बिजली विभाग के जेई अवनीश कुमार को दी। सूचना मिलते ही एहतियातन क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई।घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों की नियमित जांच और रखरखाव नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# डुमरांव में जनगणना 2027 कार्यों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, पारदर्शिता व शुद्धता पर दिया जोर



- **पेपरलेस डिजिटल जनगणना की तैयारियों की समीक्षा, कहा- कोई परिवार या व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी साहिला ने डुमरांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर संचालित जनगणना कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की तथा अधिकारियों और कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य निष्पादन का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर सरकार द्वारा विकास योजनाओं का निर्माण किया जाता है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और गणना कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा, सजगता और समयबद्धता के साथ निर्वहन करें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, अभिलेखों तथा डाटा संकलन की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से अब तक हुए कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और प्रगति रिपोर्ट का परीक्षण किया। साथ ही, कार्य में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को भी सुना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह पेपरलेस मोड में कराई जाएगी। सभी आंकड़ों का संकलन डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और सटीक होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से त्रुटियों में कमी आएगी और आंकड़ों का त्वरित विश्लेषण संभव हो सकेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि पहली बार आम नागरिकों को स्वगणना का अवसर दिया गया है। यानी लोग स्वयं भी निर्धारित डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे लोगों की भागीदारी बढ़ेगी और जनगणना प्रक्रिया अधिक सुगम बनेगी।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि कोई भी परिवार या व्यक्ति जनगणना से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए गणना कर्मियों को घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने, छूटे हुए परिवारों की पुनः पहचान करने तथा हर व्यक्ति को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर नागरिक का सही विवरण दर्ज होना अनिवार्य है।

डाटा प्रविष्टि को लेकर भी जिलाधिकारी ने कर्मियों को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से जानकारी दर्ज करते समय पूरी सावधानी बरती जाए और त्रुटिरहित संकलन सुनिश्चित किया जाए। गलत या अधूरी जानकारी भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, इसलिए हर प्रविष्टि की जांच जरूरी है।

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की मजबूत आधारशिला है। सही जनगणना से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास, रोजगार और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की दिशा तय होती है। उन्होंने सभी कर्मियों से ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की।

# चौसा में किसानों को दी गई टिकाऊ खेती की सीख, पराली न जलाने की अपील

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। कृषि विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों में टीम भेजकर किसानों को पराली प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। अभियान का नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार ने किया।



कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की टीम गांव-गांव पहुंची और किसानों के साथ बैठक कर खेती से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने किसानों से कहा कि फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली को जलाना पर्यावरण और भूमि दोनों के लिए हानिकारक है। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, साथ ही खेत की ऊपरी सतह में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वर शक्ति प्रभावित होती है। किसानों को सलाह दी गई कि पराली को खेत में सड़ाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग करें। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होगी और रासायनिक खाद पर निर्भरता भी कम होगी। कृषि विशेषज्ञों ने हैप्पी सीडर, रोटावेटर समेत अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि इन मशीनों की मदद से पराली का सुरक्षित एवं उपयोगी प्रबंधन किया जा सकता है। अभियान के दौरान उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। किसानों को बताया गया कि बिना मृदा परीक्षण के अंधाधुंध खाद डालना नुकसानदायक हो सकता है। मृदा जांच रिपोर्ट के अनुसार उर्वरक प्रयोग करने से लागत घटती है, उत्पादन बढ़ता है और भूमि की सेहत भी सुरक्षित रहती है। अधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उत्पादकता धीरे-धीरे कम होने लगती है। इस मौके पर मौजूद कृषि समन्वयकों और किसान सलाहकारों ने किसानों के सवालों का जवाब दिया तथा खेती से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कृषि विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे खेती के लिए उपयोगी बताया।

# पराली जलाने वालों की दें सूचना होगी सख्त कार्रवाई : शिखा कुमारी

- **अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत नंदन पंचायत भवन में चला जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को आग से बचाव के बताए गए आसान उपाय**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के पांचवें दिन डुमरांव अग्निशामालय की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के लिए नंदन पंचायत भवन में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और महिलाओं को आग से बचाव के जरूरी उपाय बताते हुए कहा कि थोड़ी सी सतर्कता बड़े हादसों को टाल सकती है।

कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया रामजी सिंह यादव, वार्ड सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अग्निशमन विभाग की टीम ने लोगों को घरेलू आगजनी, खेतों में लगने वाली आग और गर्मी के मौसम में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के तरीके विस्तार से समझाए।

अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि खेतों में जानबूझकर पराली जलाने वालों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से न केवल खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है, बल्कि कई बार यह आग फैलकर गांवों और घरों तक पहुंच जाती है, जिससे भारी नुकसान होता है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में फूस और कच्चे घरों में आग लगने का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में फूस के घरों पर मिट्टी का लेप करना बेहद जरूरी है। इससे आग तेजी से नहीं फैलती और नुकसान कम होता है। शिखा कुमारी ने महिलाओं और गृहस्वामियों को सलाह दी कि खाना बनाते समय पास में हमेशा पानी से भरी बाल्टी रखें। खाना पकाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह बुझा देना चाहिए। कई बार अधजली राख या धीमी आग से देर रात हादसे हो जाते हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सुबह का खाना 9 बजे से पहले तथा शाम का खाना 6 बजे के बाद ही बनाया जाए, ताकि तेज हवा और दोपहर की गर्मी के समय आग फैलने की संभावना कम रहे।

अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में तत्काल क्या करें, कैसे सुरक्षित बाहर निकलें और किस तरह दूसरों की मदद करें, इसकी भी जानकारी दी। ग्रामीणों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह की जानकारी गांव-गांव पहुंचनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल आग बुझाना नहीं, बल्कि लोगों को पहले से जागरूक कर हादसों को रोकना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि आग से जुड़ी किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

गांव में आयोजित इस अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ी और अग्नि सुरक्षा को लेकर गंभीरता भी दिखाई दी।

# जनगणना 2027: केसठ में प्रथम चरण की स्व-गणना शुरू, 1 मई तक चलेगा अभियान



**केटी न्यूज/केसठ**

बिहार में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण की स्व-गणना प्रक्रिया केसठ प्रखंड में शुरू हो गई। यह अभियान 1 मई तक चलेगा, जिसके तहत लोग घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन अपने परिवार और आवास से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना के लिए सरकार द्वारा पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जहां आम नागरिक स्वयं अपनी जानकारी भर सकते हैं। यह 15 दिवसीय प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल है, जिससे जनगणना कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रखंड स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से स्व-गणना कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। पहले दिन करीब 52 अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है।बीडीओ ने कहा कि स्व-गणना की यह पहल लोगों की सहभागिता बढ़ाने और प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके सफल संचालन के लिए प्रखंड में कुल 77 सुपरवाइजर एवं प्रगणक की तैनाती की गई है, जो लोगों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे।इस मौके पर बीएओ शिवम वर्मा, बीईओ राजेश राम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर जनगणना अभियान को सफल बनाएं।









## एमडीजे पब्लिक स्कूल में सीबीएसई टॉपर्स सम्मानित, टॉप-3 को 11वीं-12वीं में मुफ्त शिक्षा




**केटी न्यूज/नावानगर**

एमडीजे पब्लिक स्कूल, लोहई टोला अमरपुरी बाली सोनवर्षा में सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सफल विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ. नंद कुमार सिंह ने मेधावी छात्रों को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल, स्मृति चिन्ह, वॉल क्लॉक, कॉपी और कलम देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं और 12वीं में निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। डॉ. नंद कुमार सिंह ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। इस वर्ष कुल 315 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। इनमें 173 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। शेष विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल की। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जीवन के हर क्षेत्र में अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग की कार्रवाई, ट्रक समेत दो तस्कर गिरफ्तार

# कुलर की आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 40 लाख की विदेशी शराब





**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली है। कुलर की आड़ में विदेशी शराब और बीयर की खेप ले जा रहे एक छह चक्का डीसीएम ट्रक को जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक से कुल 4941 लीटर विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और बीयर बरामद हुई है, जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्पाद अधीक्षक को शुक्रवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि वीर कुंवर सिंह सेतु होकर शराब की बड़ी खेप बिहार में प्रवेश करने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उत्पाद अधीक्षक ने सेतु पर वाहन जांच कर रही टीम को तुरंत सतर्क कर दिया। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने पुल पर विशेष जांच अभियान शुरू कर दिया। रात करीब 10:30 बजे एक संदिग्ध छह चक्का ट्रक पुल की ओर से आता दिखाई दिया। ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर एचपी 6एस 9737 बताया गया है। टीम ने वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की। चालक ने बताया कि ट्रक में कुलर लदा हुआ है और वह सामान लेकर जा रहा है। हालांकि पूछताछ के दौरान चालक की घबराहट और जवाबों में असंगति देख टीम को शक हुआ।

उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने जब ट्रक की गहन तलाशी ली तो अंदर का नजारा देखकर सभी चौंक गए। ट्रक में ऊपर से कुलर लोड कर रखा गया था, जबकि उसके नीचे बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थीं। कुलर का इस्तेमाल शराब तस्करी को छिपाने के लिए किया गया था ताकि सामान्य जांच में वाहन पकड़ा न जाए।

तलाशी के बाद मौके पर मौजूद चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मिर्चा गांव निवासी मुकेश कुमार, पिता भैरव यादव तथा सुबोध कुमार, पिता सुधीर ठाकुर के रूप में हुई है।

उत्पाद विभाग ने जब्त शराब की गिनती और माप के बाद बताया कि ट्रक से कुल 4941 लीटर विदेशी शराब और बीयर बरामद हुई है। बरामद शराब विभिन्न ब्रांडों की बताई जा रही है। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 40 लाख रुपये से अधिक है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार शुरूआती पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था, इसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर उत्पाद विभाग और बक्सर पुलिस संभावित सप्लायर, रिसीवर और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने कहा कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। जिले की सीमाओं, पुलों और प्रमुख मार्गों पर जांच अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि तस्करी पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत गांव में तरह-तरह की चर्चाएं

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव में शुक्रवार को एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। मृतक की पहचान स्वर्गीय राधेश्याम केशरी के पुत्र द्वारिका केसरी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारिका केसरी गांव में फर्टिलाइजर और किराना दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। बताया जाता है कि पिछले कुछ महीनों से परिवार में संपत्ति बंटवारे को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई थी, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहे थे। गांव के कुछ लोगों के अनुसार वह कई बार अपने करीबी लोगों से घरेलू विवाद को लेकर चिंता जाहिर करते थे। शुक्रवार की सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन तत्काल उन्हें इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को चौकीदार के माध्यम से मिली। जानकारी मिलते ही कोरानसराय थाना पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच में जुट गई। बताया जाता है कि परिजन शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी में थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिवार के लोगों ने इससे इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि युवक की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस टीम को भेजा गया था। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताई है। मामले की जांच की जा रही है। इधर, अचानक हुई इस घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं। मृतक अपने व्यवहार और मेहनती स्वभाव के कारण क्षेत्र में जाने जाते थे। उनकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में पूरे दिन घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा।

### छतनवार से शराब के नशे में धुत दो युवक गिरफ्तार

**कृष्णाब्रह्म।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम थाना क्षेत्र के छतनवार गांव में पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांव निवासी अनिल पासवान और दीपक पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद दोनों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपितों को शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

### सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, डीएम ने केंद्रों का किया निरीक्षण

**बक्सर।** विज्ञापन संख्या 87/2025 के तहत आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल आयोजन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी साहिला ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला दंडाधिकारी ने प्लस टू राज हाई स्कूल डुमरांव परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा संचालन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक तथा वीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अहिरौली में मिशन शक्ति जागरूकता अभियान महिलाओं को अधिकारों व योजनाओं की दी जानकारी



**केटी न्यूज/बक्सर**

अति पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र अहिरौली वार्ड संख्या-02, प्रखंड बक्सर में मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा मासिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा कानूनों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के दौरान मिशन शक्ति योजना की उप योजनाओं ह्यसंबलह्ण एवं ह्यसामर्थ्यह्ण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त बनाना है। साथ ही उन्हें सरकारी सहायता, प्रशिक्षण, परामर्श एवं अन्य सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम शिकायत हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। टीम ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न, ऑनलाइन ठगी या घरेलू हिंसा की स्थिति में महिलाएं इन सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं।

इस दौरान लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, दहेज प्रथा, पॉक्सो अधिनियम तथा घरेलू हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। टीम ने कहा कि समाज में महिलाओं के सम्मान और समान अधिकार के लिए जागरूकता जरूरी है। महिलाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि यहां महिलाओं को परामर्श, मार्गदर्शन, शिकायत निवारण तथा विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की सुविधा उपलब्ध है।

कार्यक्रम में महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया गया। उन्हें घर की सीमाओं से बाहर निकलकर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित पुरुषों से भी अपील की गई कि वे अपने परिवार की महिलाओं को सरकारी योजनाओं और अधिकारों के प्रति जागरूक करें। जागरूकता अभियान के दौरान लैंगिक विशेषज्ञ शिवांगी, महिला प्रवेशिका लीलावती देवी एवं मुकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## स्थानीय निकाय एमएलसी उपचुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों की बैठक, सोनू कुमार राय को मिला सभी का समर्थन




**केटी न्यूज/केसठ**

शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए मुखिया, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक नया बाजार स्थित एक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामपुर पंचायत समिति सदस्य मंजू कुमारी ने की, जबकि संचालन केसठ के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया।बैठक के दौरान आरा-बक्सर स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र से होने वाले विधान परिषद उपचुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सोनू कुमार राय को समर्थन देने का निर्णय लिया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए एकजुटता आवश्यक है।इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव, शारदा यादव,नावानगर जिला परिषद सदस्य मुन्ना यादव, उप प्रमुख मंटू, असलम हुसैन, मंजू देवी, मुकुंद जी प्रसाद, उप मुखिया अमितेश कुमार गुप्ता, रजनीश कुमार, बीरबल यादव,जयराम सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का भरोसा जताया।

## डीएम साहिला ने मॉडल प्लस टू राज हाई स्कूल डुमरांव का किया निरीक्षण




- **शैक्षणिक व्यवस्था, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिलाधिकारी साहिला ने शनिवार को मॉडल प्लस टू राज हाई स्कूल डुमरांव का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचना तथा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और कई आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर पढ़ाई की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, विषयवार समझ तथा विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही शिक्षकों से भी शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों की उपस्थिति तथा परीक्षा परिणाम को लेकर चर्चा की।

डीएम ने प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के साथ-साथ समय पर कक्षाओं का संचालन किया जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा और खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने की बात कही।

जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, नियमित सफाई कराने तथा छात्रों के लिए स्वास्थ्यकर माहौल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, प्रयोगशाला और पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कुछ व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पाए जाने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय की सभी बुनियादी सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं, ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

जिलाधिकारी ने विद्यालय को प्राप्त राशि के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विद्यालय की राशि का व्यय पूरी पारदर्शिता और नियमानुसार किया जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और संसाधनों का सही उपयोग हो।

डीएम के निरीक्षण से विद्यालय प्रशासन में सक्रियता देखी गई। अधिकारियों और शिक्षकों ने उन्हें विद्यालय की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना प्रशासन की प्राथमिकता है और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा विशेष अभियान में चार लोग गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना पुलिस ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था मजबूत करने को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे तीन आरोपी शामिल हैं, जबकि एक व्यक्ति को शराब सेवन के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना और पूर्व निर्धारित अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कोरानसराय निवासी जितेंद्र पासवान (25 वर्ष), फागु डेरा निवासी लल्लू सिंह यादव (46 वर्ष) तथा मठिला निवासी सोनू कुमार (26 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था और वे काफी समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। इसी अभियान के दौरान कोपवा गांव निवासी सियाराम रवानी (65 वर्ष) को शराब सेवन के आरोप में पकड़ा गया। मेडिकल जांच में पुष्टि होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी प्राथमिकता में है और किसी भी हाल में कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल है। वहीं आम लोगों ने भी पुलिस अभियान का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे इलाके में शांति व्यवस्था और मजबूत होगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# पंजाब नैशनल बैंक मंडल के नेतृत्व में रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**

पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल शनिवार को एक भव्य रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के ग्राहकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुर के अपर जिला समाहर्ता डॉ. शशि शेखर उपस्थित रहें, जबकि प्रधान कार्यालय से पधारे उप महाप्रबंधक श्री अलोक कपूर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख श्री उत्पल कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के




साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों को पौधा एवं शॉल देकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मंडल प्रमुख श्री उत्पल कुमार ने कहा कि यह आउटरीच कार्यक्रम बैंक के माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय श्री अशोक चन्द्र जी के दूरदर्शी विजन का परिणाम है, जिसे प्रत्येक तिमाही आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि रिटेल के साथ-साथ यह कार्यक्रम एमएसएमई एवं कृषि क्षेत्र में भी संचालित किया जाता है, जिससे बैंकिंग सेवाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह इस वित्तीय वर्ष का पहला आउटरीच कार्यक्रम है। उप महाप्रबंधक श्री अलोक कपूर ने अपने उद्बोधन में ग्राहकों को आश्वस्त किया कि बैंक उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में और बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्य अतिथि भोजपुर अपर जिला समाहर्ता डॉ. शशि शेखर ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा आमजन को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान चयनित ग्राहकों को विभिन्न रिटेल ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जाना गया। पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बैंक और ग्राहकों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बिहार के सभी 38 जिलों में एयरपोर्ट विकसित करने का प्लान, मुख्यमंत्री सम्राट ने अधिकारियों को दिया निर्देश



**केटी न्यूज/नवादा**

मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालते ही सम्राट चौधरी एक्शन में नजर आ रहे हैं। बिहार के विकास को लेकर आज उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के सभी 38 जिलों में एयरपोर्ट विकसित करने को लेकर विस्तृत प्लान तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया साथ ही इस दिशा में जल्द कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। शनिवार को मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सिविल विमानन विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने शहरों के दीर्घकालीन विस्तार (अर्बन डेवलपमेंट) की योजनाओं पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और शहरों के विस्तार से जुड़े नक्शों को डिजिटलाइज किया जाए जिससे कि आम लोगों को इसकी जानकारी आसानी से मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के कभी 38 जिलों में हवाई अड्डों के विकास की योजना तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रमुख एयरपोर्ट्स के आसपास एयरोसिटी विकसित की जाएगी, जिसमें होटल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, लॉजिस्टिक पार्क और पर्यटन से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य के छोटे और क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर हवाई संपर्कता मिल सके।बैठक में यह भी बताया गया कि पटना और गया से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वहीं नगर विकास विभाग ने 11 सैटेलाइट और ग्रीनफील्ड टाउनशिप के विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि जिला स्तर पर सांस्कृतिक धरोहरों की पहचान की जाए और पर्यटकों तक इसकी जानकारी सरल तरीके से पहुंचाई जाए। उन्होंने बिहार की योजनाओं की राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर ब्रांडिंग करने पर भी जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिया जिससे कि रियल टाइम मॉनिटरिंग को और प्रभावी बनाया जा सके।

### बिहार में विकसित होगी एरोसिटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एरोसिटी के विकास की दिशा में भी ठोस पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत राज्य के प्रमुख हवाई अड्डों के आसपास कमर्शियल कॉम्पलेक्स, होटल, लॉजिस्टिक पार्क और पर्यटन आधारित संरचनाएं विकसित करने की योजना है। साथ ही, राज्य के छोटे एवं क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर हवाई संपर्कता प्राप्त होगी।

# सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक जांच, बंद तीन केंद्रों से स्पष्टीकरण




**केटी न्यूज/नवादा**

प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ सीता कुंजर ने किया औचक निरीक्षण। जिसमें प्रखंड के गरीबा, धामुचक और धमनी टू बुढ़ियाशाख आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें तीन आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। वही सीडीपीओ सीता कुंजर ने बताया कि शनिवार को सुबह करीब 8 बजे से 9:00 बजे के बीच में कई आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें तीन आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया सीडीपीओ ने कहा कि अनियमितता व मनमानी बरतने पर सेविका और सहायिका से स्पष्टीकरण मांगा है। दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। निरीक्षण टीम में बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मी,महिला पर्यवेक्षिका शामिल थे। निरीक्षण में अलग-अलग पंचायतों से कुल 10 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रजौली प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गरीबा अद्रखी टोला कोड संख्या-167 को सुबह 08: 8 मिनट में बंद पाया गया। धामुचक आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 58 सुबह करीब 8:25 में बंद पाया गया। और वही धमनी टू बुढ़ियाशाख करीब 08 :35 मिनट में आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीडीपीओ ने संबंधित आंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका और पोषण सखी के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। और उन्होंने कहा कि पोषाहार राशि की कटौती मानदेय से कटी जाएगी एवं संबंधित सेविका सहायिका का एक दिन का मानदेय कटौती और स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को विशेष निर्देश दिए गए कि बच्चों को समय-समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही केंद्रों में साफ-सफाई,बच्चों के देखभाल और शिक्षा पर विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य संचालन की वास्तविक स्थिति का आकलन और बच्चों, गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

# बक्सर के विकास मुद्दों को लेकर प्रो. अखिलेश दुबे ने उठाई आवाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सिमरी प्रखंड के दुबौली गांव निवासी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं इतिहास संकलन योजना दिल्ली प्रांत के उपाध्यक्ष प्रो. अखिलेश दुबे ने बिहार में नए राजनीतिक नेतृत्व के बीच राज्य और बक्सर जिले के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास के लिए अब सरकार को बुनियादी सुविधाओं, रोजगार सृजन और अधूरी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। प्रो. दुबे ने विशेष रूप से बक्सर जिले का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनका लाभ आम लोगों तक अब तक पूरी तरह नहीं पहुंच सका है। उन्होंने मांग की कि सड़क, सिंचाई, शहरी सुविधाओं और क्षेत्रीय आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि जिले के विकास को नई गति मिल सके। उन्होंने कहा कि बक्सर



सहित पूरे राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए औद्योगिक निवेश बढ़ाने, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने तथा कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। उनका मानना है कि यदि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित होगा तो पलायन की समस्या भी कम होगी। प्रो. दुबे ने शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को भी बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्याप्त शिक्षक और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, दवाइयां और बेहतर इलाज की सुविधा आम लोगों को मिलनी चाहिए। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सुरक्षित वातावरण विकास की पहली शर्त है। अपराध पर नियंत्रण, प्रशासनिक जवाबदेही और जनता का भरोसा मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम करे और योजनाओं को तय समय सीमा में लागू करे, तो बिहार के साथ-साथ बक्सर जिला भी विकास की नई पहचान बना सकता है।

## एक नजर

### प्रखंड इकाई के नेतृत्व बिहार अराजप्रत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ ने की बैठक

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह के प्रांगण में शनिवार को बिहार अराजप्रत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ इकाई बैठक आयोजित की गई। बैठक का प्रारंभ दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्र गाना धुन के साथ प्रारंभ किया गया। जिसमें जिला से आए हुए संघ जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान,सुकेश प्रसाद सिंह,एवं जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार,जिला कोषाध्यक्ष मिन्याज अंसारी,जिला सचिव अजय कुमार का भव्य स्वागत प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार ,सचिव संतोष कुमार,अमित कुमार, सुजीत कुमार,दानी कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रधान शिक्षक सहायक शिक्षक अपनी बातों को जिला के सभी पदाधिकारियों के समक्ष रखा जिसमें मुख्य मुद्दा वेतन संधारण,प्रोन्नति,मकान भत्ता,विसंगतियां मुख्य रही। जिसका निराकरण के लिए जिला से आए हुए पदाधिकारी गण अभिलंब दूर करने का भरोसा दिलाया। इस बैठक में संगठन विस्तार कर 21 सदस्यीय कमेटी का निर्माण किया गया। इस बैठक में जिला से लेकर प्रखंड तक के सभी अधिकारी एवं सैकड़ों शिक्षकगण उपस्थित रहे। मौके पर शिक्षक शिव शंकर प्रसाद,अमित कुमार,सुजीत कुमार,वीरेंद्र पासवान, उपेंद्र कुमार राजेंद्र कुमार प्रखंड सचिव संतोष कुमार,प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार,राजेश कुमार सकेंद्रर कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### साले के बेटे की शादी से परिजन संग रहा दर्जी की सड़क दुघर्टना में मौत

**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के देचना बाल गांव के पास अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के लिए पीरो पीएचसी लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक बुजुर्ग पेशे से दर्जी बताए जा रहे। हादसे में मृतक की बहू, पोती, भतीजा समेत 5 अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। मृतक की पहचान हसन बाजार थाना क्षेत्र के कातर गांव के रहने वाले 67 साल के मकसूद आलम के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में मृतक की बहू 38 साल की नासरीन खातून, 35 साल की हस्बु खातून, पोती 16 साल की आफरीन, 18 साल जासमीन और 42 साल का भतीजा इबरार अंसारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मकसूद आलम बहू ,भतीजे और पोतियों के साथ अपने साले के लड़के के शादी में शामिल होने के लिए बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर गए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह ऑटो रिजर्व पर अपने परिवार के सभी लोगों के साथ वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान देचना बाल के समीप उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को पीरो पीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मकसूद आलम को मृत घोषित कर दिया, वहीं सभी जख्मियों को पीरो पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के परिवार में पत्नी मदीना खातून, चार पुत्र नसीम, अफजल , खुर्शीद, शमशेर व दो पुत्री शबाना एवं सहाना है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मदीना खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल।

### बैंक से पैसा निकालकर बधार की ओर घूमने निकला किसान का पेड़ से लड़का मिला शव

**आरा।** भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव में घर से निकले किसान का शव बरामद हुआ है। उसका शव गांव के बधार स्थित शीशम के पेड़ से लटका हुआ शुक्रवार को बरामद हुआ। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक की पहचान पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव के रहने वाले 42 साल के शिवलखन पासवान के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे विशाल कुमार ने बताया कि चाचा गेहूं के खेत में कटनी करने के लिए गए थे। खेत में काम के दौरान मोबाइल पर किसी का कॉल आया। इसके बाद चाचा बाजार स्थित बैंक पहुंचे और 5 हजार रुपए कैश निकालकर घर लौटे। उन्होंने पैसाचाची को दिया और बिना कुछ बताए घर से निकल गए। विशाल के मुताबिक, काफी देर तक जब चाचा घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच घर से 200 मीटर दूर बधार में स्थित शीशम के पेड़ से शिवलखन पासवान का शव लटका मिला। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी मृतक के परिजन को दी। वहीं, सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृतक के भतीजे विशाल कुमार ने चाचा की हत्या के बाद शव को पेड़ से लटकाने की आशंका जताई है। हालांकि, विशाल ने चाचा के गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की दुश्मनी एवं विवाद की बातों से साफ इनकार किया है। फिलहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां कबूतरों देवी पत्नी विजांती देवी, दो पुत्र विषरंजन कुमार, हरिश्चंद्र कुमार व दो पुत्री सूर्यकांत देवी एवं बेबी कुमारी है।

### आरा में पंखे से लटककर बार्बर ने की खुदकुशी

**आरा।** आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में पंखे से लटका युवक का शव बरामद हुआ है। परिजन की ओर से खुदकुशी करने की बात कही जा रही है। मृतक रोहतास के नटवार थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी गोपाल ठाकुर का 19 साल का बेटा सोलु कुमार उर्फ करिया है।वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ सिद्धार्थ नगर वार्ड नंबर 43 में करीब 20 साल से किराए के मकान में रहता था। वह आईटीआई की पढ़ाई के साथ बाजार समिति स्थित सैलून में नाई का काम करता था। इधर, मृतक के पिता गोपाल ठाकुर ने बताया कि घर के सभी लोग गांव गए हुए थे। वह और उनके बेटे घर पर थे। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे जब दुकान से वापस घर लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था।

# आस्था : श्री लक्ष्मी नारायण और हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की निकली शोभायात्रा

**केटी न्यूज/आरा**

प्रखंड के धनगांवा गांव में शनिवार को श्री लक्ष्मी नारायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के शोभायात्रा में हाथी, घोड़े ,बैन्ड बाजों के साथ श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु गण यज्ञ मंडप से कलश लेकर पैदल चलकर जल का आहरण करने के लिए देव बनास नदी के तट पर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हाथी, घोड़े ,ऊंट के साथ श्रद्धालुओं की कलश यात्रा की मनोरंजन दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। तरारी थाना पुलिस भी शोभायात्रा को



शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए श्रद्धालुओं के साथ ताल में ताल बैठा कर चल रही थी। बक्सर से पधारे पंडित हरि नारायणाचार्य जी के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय महायज्ञ में धनगांवा के अलावे अगल-बगल के गांवों से भी श्रद्धालुओं ने भक्ति के वातावरण में अपनी सहभागिता जतायी। पंडित मधुसुदनाचार्य विश्वकसेनाचार्य कमलनयनाचार्य ने यज्ञ मंडप में कलश स्थापना के साथ ही पंचांगपूजन,मंडपप्रवेश आदि धार्मिक कार्यों का विधि विधान से कार्यक्रम किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे, कोषाध्यक्ष डब्लू सिंह, उपाध्यक्ष मुरारी सिंह, अभिराम सिंह, आदित्य मुनी सिंह, बाल्मीकी सिंह, विनय सिंह, चंदन सिंह, मनोज सिंह समेत गांव के ग्रामीणों के द्वारा यज्ञ को सफल बनाने के लिए भरपूर प्रयास किया जा रहा है। जो जलभरी के साथ यह महायज्ञ 24 अप्रैल को पूणार्हुति के साथ समाप्त हो जाएगी। लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज के अलावे कई साधु संतों और महात्माओं के प्रवचन से श्रद्धालुगण उनके धार्मिक आशीर्वचनों के ज्ञान की गंगा में ओतप्रोत होंगे। सात दिनों तक चलने वाले महायज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान में प्रत्येक दिन साधु संतों का प्रवचन के अलावे रात्रि में वृंदावन के रामलीला का भी भक्त आनंद उठाएंगे।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। गांव की एक 35 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता तियरा गांव की निवासी है। उसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वह इन दिनों अपने मायके में रह रही थी। इसी परिस्थिति का फायदा उठाकर गांव के ही दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। परिजनों को घटना की जानकारी होने के बाद उन्होंने तत्काल राजपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना देर किए प्राथमिकी दर्ज की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तेजी दिखाते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्येंद्र पासवान और विजय पासवान के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, ताकि वैज्ञानिक और चिकित्सीय साक्ष्यों के आधार पर मामले को मजबूत बनाया जा सके। पुलिस साक्ष्य संकलन के साथ आगे की जांच में जुटी है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कमजोर और असहाय महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं।

पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा और मामले की सुनवाई में मजबूत पैरवी की जाएगी।

# विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा जेड+ से घटाकर जेड श्रेणी की गई

- सुरक्षा घटाए जाने पर बोले..सरकार अपने हिसाब से लेती है फैसला



**एजेंसी। पटना**

पटना में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा में बदलाव किया गया है। अब उनकी सुरक्षा जेड+ श्रेणी से घटाकर जेड श्रेणी कर दी गई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार अपनी आवश्यकता और नियमों के अनुसार निर्णय लेती है। मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, सरकार अपने हिसाब से और अपनी जरूरत के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था तय करती है। इसी आदेश के तहत जेडीयू नेता निशांत कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है, जबकि पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को जेड+श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। दरअसल, बिहार गृह विभाग (विशेष शाखा) की ओर से राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है। इसी के तहत कई नेताओं की सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया है। पूर्व सीएम के बेटे और जेडीयू नेता निशांत कुमार जल्द ही बिहार की यात्रा पर निकलने वाले हैं। इससे पहले उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। सुरक्षा मिलने के बाद निशांत की सुरक्षा में 4 से 5 एनएसजी कमांडो सहित कुल 22 सुरक्षागार्ड तैनात होंगे। इसमें दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ के कमांडो और स्थानीय पुलिस कर्मी भी शामिल रहेंगे।

### किस आधार पर लिया गया फैसला

निशांत कुमार को श्रेणी की सुरक्षा दी गई है. उन्हें पहली बार इस स्तर की सुरक्षा मिली है. इसके अलावा श्रवण कुमार को + कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है. अब उनके साथ भी पुलिस सुरक्षा का खास इंतजाम रहेगा।

# एक्टिव मोड में नजर आ रहे नीतीश कुमार ! उपमुख्यमंत्रियों के बाद सीएम सम्राट चौधरी से मुलाकात, बढ़ी सियासी हलचल



### सम्राट चौधरी ने दिया था आदेश समस्याओं का तेजी से समाधान करें

मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालते ही सम्राट चौधरी एक्शन मोड में हैं। सीएम ने सख्त आदेश दिया था कि बिहार को विकसित राज्य बनाना है और इसके लिए अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ काम करें। प्रखंडों और थानों में आम जनता को हर बेहतर और समय पर सुविधा दी जाए। समस्याओं का तेजी से समाधान करें।

### सुबह-सुबह लोगों की जुटी भीड़

सुबह उनसे मिलने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान गयाजी से एक युवक पहुंचा। वह युवक सीएम के लिए माला लेकर आया था। उसने सम्राट से लोन की अपील की, ताकि उसे नौकरी के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। युवक की अपील पूरा करने का आश्वासन सीएम ने दिया। इस दौरान एक दंपति भी उनसे मदद के लिए पहुंचे। इसके अलावा भी कई लोगों ने उनसे मुलाकात की।

**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना के राजनीतिक गलियारों में शनिवार को हलचल तेज रही, जब सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में राज्यसभा सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय नजर आए। लंबे समय बाद उनकी इस तरह की सक्रियता ने बिहार की राजनीति में नई चचाओं को जन्म दे दिया है। जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार ने अपने दिन की शुरूआत जदयू कोटे से बनाए गए दोनों उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात के साथ की। वे पहले उनके आवास पहुंचे, जहां उन्होंने औपचारिक बातचीत की। इस दौरान राज्य की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मजबूती और सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा होने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस बैठक को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई विस्तृत बयान नहीं आया है, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार सीधे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पहुंचे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 10 से 15 मिनट तक बातचीत हुई। यह मुलाकात औपचारिक बताई जा रही है, लेकिन इसके कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इस दौरान राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात, सरकार की प्राथमिकताएं और आने वाले समय की रणनीति पर चर्चा हुई।मुलाकात के बाद नीतीश कुमार बिना मीडिया से बातचीत किए वहां से निकल गए, जिससे सियासी अटकलों का बाजार और गर्म हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपनी दिनचर्या के अनुसार जनता दरबार में शामिल हुए, जहां उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं से भी मुलाकात की और उनकी बातों को ध्यान से सुना। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नीतीश कुमार की यह सक्रियता आने वाले समय में किसी बड़े राजनीतिक संकेत की ओर इशारा कर सकती है। खासकर जिस तरह से उन्होंने एक ही दिन में उपमुख्यमंत्रियों और मुख्यमंत्री से मुलाकात की, उसे साधारण शिष्टाचार मुलाकात से ज्यादा अहम माना जा रहा है। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का अनुभव और प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में उनकी हर गतिविधि पर राजनीतिक दलों और जनता की नजर बनी रहती है। वर्तमान परिदृश्य में जब राज्य की राजनीति कई मोड़ों से गुजर रही है, तब नीतीश कुमार की यह सक्रियता आने वाले दिनों में नई दिशा तय कर सकती है। फिलहाल, इन मुलाकातों को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन इतना तय है कि पटना की राजनीति में आज का दिन काफी अहम रहा। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि आने वाले दिनों में इन बैठकों का क्या असर देखने को मिलता है और क्या बिहार की राजनीति में कोई नया समीकरण बनता है।

# पटना फायरिंग का राज खुला : दोस्ती बनी दुश्मनी आपसी विवाद में चली गोलियां, 3 आरोपी गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना के शास्त्रीनगर इलाके में हुई सनसनीखेज फायरिंग की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। शुरूआती तौर पर इस घटना को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन जांच में जो सच सामने आया, वह चौंकाने वाला है। पुलिस के मुताबिक यह पूरा मामला किसी गैंगवार या बाहरी साजिश का नहीं, बल्कि आपसी विवाद का नतीजा था, जिसने हिंसक रूप ले लिया। यह घटना 14 मार्च 2026 की देर रात की है, जब कुछ लोगों ने जान से मारने की नीयत से गोलीबारी कर इलाके में दहशत फैला दी थी। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी और लोगों में डर का माहौल बन गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया। तकनीकी जांच, कॉल डिटेल्स और गुप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने तेजी से काम किया। इस केस में शिव कुमार यादव द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर जांच आगे बढ़ी। सुराग मिलते ही पुलिस टीम ने जहानाबाद में छापेमारी की, जहां से मिथिलेश यादव और नरेश यादव को हिरासत में लिया गया। दोनों से कड़ी पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए। इसी कड़ी में दीपक कुमार का नाम सामने आया, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस तरह अब तक तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है, जबकि इस वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार और अन्य सामान भी बरामद कर लिए हैं। बरामदगी में दो देशी कट्टा, 8 एमएम की जिंदा गोलियां, एक खोखा, .303 की गोली, वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन शामिल हैं। इन सबूतों के आधार पर पुलिस केस को और मजबूत करने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस फायरिंग कांड में कुल चार लोग शामिल थे। तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है और चौथे की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिहार में दिल दहला देने वाला हादसा: पिता को बचाने के लिए जलती लपटों में कूदी बेटी, दोनों की दर्दनाक मौत



**एजेंसी। पटना**

बिहार के सीतामढ़ी से सामने आई यह घटना सिर्फ एक आगजनी नहीं, बल्कि रिश्तों की ऐसी दर्दनाक कहानी है, जिसने पूरे इलाके को सन्न कर दिया। पुपरी-मधुबनी रोड पर शुक्रवार रात लगी भीषण आग ने एक परिवार को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। इस हादसे में एक बेबस पिता और उसे बचाने दौड़ी उसकी मासूम बेटी–दोनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय विनोद कुमार और उनकी 10 साल की बेटी छोटी कुमारी के रूप में हुई है। विनोद कुमार लंबे समय से पैरालिसिस से पीड़ित थे और चल-फिर पाने में असमर्थ थे। वे घर के एक कमरे में बिस्तर पर ही रहते थे, पूरी तरह दूसरों पर निर्भर। घटना के वक्त घर में बेहद सामान्य माहौल था। छोटी कुमारी रसोई में खाना बना रही थी, जबकि उसकी मां किसी काम से बाहर गई हुई थी। तभी अचानक रसोई में आग भड़क उठी। बताया जा रहा है कि घर में पेट्रोल रखा हुआ था, जिसने आग को और ज्यादा भयानक बना दिया। देखते ही देखते आग ने पूरे खपरैल घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख छोटी कुमारी के पास भागकर बाहर निकलने का मौका था, लेकिन उसने जो किया, उसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। वह सीधे अपने पिता के कमरे की ओर दौड़ी। उसे पता था कि उसके पिता खुद से उठ नहीं सकते। उसने अपनी जान की परवाह किए बिना उन्हें बचाने की कोशिश की।लेकिन आग बहुत तेजी से फैल चुकी थी। कुछ ही पलों में पूरा घर आग के गोले में बदल गया। पिता और बेटी दोनों उसी आग में फंस गए। बाहर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, मदद की कोशिश की, लेकिन लपटों की भयावहता के सामने कोई भी कुछ नहीं कर सका।सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। दोनों के जले हुए शव बरामद किए गए। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। हर कोई इस बात से स्तब्ध है कि एक छोटी सी बच्ची ने अपने पिता को बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा दी।

## एक नजर

### शादी से पहले मातम, दरभंगा में भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की हुई मौत

**पटना।** बिहार के दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र में फूलतोड़ स्टेट हाईवे-56 पर उसरी घाट गांव के पास शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ। मृतकों की पहचान नदी थाना क्षेत्र के कोला गांव निवासी शिवन निषाद के पुत्र विद्यानंद निषाद और स्वतंत्र कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायलों में समस्तीपुर जिले के विथान थाना क्षेत्र निवासी ब्रह्मदेव साह के पुत्र स्वतंत्र कुमार और नदी थाना क्षेत्र के सोमन कुमार राय शामिल हैं।बताया जा रहा है कि मृतक विद्यानंद निषाद आंध्र प्रदेश में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता था। उसकी शादी 30 अप्रैल को होने वाली थी, जिसके लिए वह करीब 10 दिन पहले ही अपने गांव आया था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और खुशियों का माहौल था। शुक्रवार की शाम वह अपने दोस्त के साथ बाइक से अपनी बुआ के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में विद्यानंद समेत तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को कुशेश्वरस्थान पीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विद्यानंद को मृत घोषित कर दिया।

### हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया की फोम फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फोम फैक्ट्री में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही हैं और धुआं दूर से ही देखा जा सकता है। अगलगी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग को बुझाने में लगी है। भीषण अगलगी के कारण फैक्ट्री में रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। लाखों का नुकसान का अनुमान है। अगलगी के कारणों का पता अभी नहीं चल सका है। जिसे पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। हाजीपुर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फोम फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने में दमकल की कई गाड़ियां लगी हुई है। तेज हवाओं के चलते आग ने और भयावह रूप अख्तियार कर लिया जिस पर काबू पाने में स्थानीय लोग भी लगे हुए हैं ताकि आग ना फैले नहीं तो भारी तबाही होने की संभावना जतायी जा रही है।

### कोसी एक्सप्रेस में अचानक धुआं और चिंगारी! यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**पटना।** पटना से पूर्णिया की ओर जा रही कोसी एक्सप्रेस (18626 डाउन) शुक्रवार की रात एक संभावित बड़े हादसे से बाल-बाल बच गई। मधेपुरा-पूरनिया रेलखंड के बीच बुधमा स्टेशन पार करने के दौरान ट्रेन की एक बोगी में तकनीकी खराबी के कारण धुआं और चिंगारी निकलने लगी, जिससे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, ट्रेन जैसे ही बुधमा स्टेशन को पार कर आगे बढ़ी, तभी स्लीपर कोच र5 के नीचे से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। शुरूआत में यात्रियों ने इसे सामान्य घटना समझा, लेकिन कुछ ही मिनटों में धुआं बढ़कर चिंगारी और हल्की आग की शक्ल लेने लगा। यह दृश्य देखते ही कोच में बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। कई यात्रियों ने घबराकर चेन पुलिंग करने की कोशिश की, जबकि कुछ लोग डर के मारे ट्रेन से नीचे उतरकर सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बुधमा स्टेशन के स्टेशन मास्टर को तत्काल सूचना दी गई। उन्होंने फौरन कार्रवाई करते हुए ट्रेन को रुकवाया। ट्रेन के रुकते ही रेल कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से प्रभावित बोगी की जांच शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद समस्या की पहचान कर उसे दूर किया गया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना आग लगने की नहीं थी, बल्कि ब्रेक सिस्टम में ह्लब्रेक बाइंडिंगह्व (इ१ ी इ्ल्ल्र्ल्लिॅ) की समस्या के कारण हुई थी। इस तकनीकी खराबी में ब्रेक जाम हो जाते हैं, जिससे पहियों और ब्रेक शू के बीच अत्यधिक घर्षण पैदा होता है। इसी घर्षण के कारण धुआं और चिंगारी निकलने लगती है, जो कई बार आग जैसी स्थिति पैदा कर देती है। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। तकनीकी टीम ने मौके पर ही ब्रेक सिस्टम को दुरुस्त किया, जिसके बाद ट्रेन को फिर से रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेन कुछ समय के लिए बुधमा और दिनापट्टी स्टेशनों के बीच खड़ी रही।

### अब चार्जिंग की टेंशन खत्म, पटना में ईवी क्रांति शुरू! 58 जगहों पर बनेंगे हाईटेक चार्जिंग स्टेशन

**पटना।** पटना जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब ई-वाहन चालकों को बैटरी चार्ज करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिले में पेट्रोल पंप की तर्ज पर आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पटना जिले में कुल 58 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है, जहां यह सुविधा विकसित की जाएगी। नगर निगम की ओर से इन सभी स्थानों के लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है। अब जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) की देखरेख में निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा, जिसकी शुरूआत जून माह में होने की संभावना जताई जा रही है। इन प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। प्रत्येक स्टेशन पर दो से तीन चार्जिंग बॉक्स लगाए जाएंगे, ताकि एक साथ कई वाहन चार्ज हो सकें। यहां दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की सुविधा उपलब्ध होगी। चार्जिंग प्रणाली को प्री-पेड मॉडल पर आधारित रखा जाएगा, जिससे उपयोगकर्ता पहले भुगतान कर आसानी से सेवा का लाभ ले सकेंगे। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और संचालन भी सुचारू रूप से किया जा सकेगा।

# बिहार में जमीन मापी का बड़ा बदलाव! अब 7 दिन में मापी, 14 दिन में रिपोर्ट–सब कुछ ऑनलाइन



### तय समय सीमा में होगा काम

आवेदन के 3 दिनों के भीतर अमीन की नियुक्ति
इसके बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी
आवेदन के 7 दिनों के भीतर जमीन की मापी पूरी
मापी के 14 दिनों के भीतर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड

**एजेंसी। पटना**

बिहार में जमीन से जुड़े विवादों और लंबी प्रक्रियाओं को खत्म करने की दिशा में सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य में जमीन मापी की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। आवेदन से लेकर मापी और रिपोर्ट तक का पूरा सिस्टम ऑनलाइन होगा। इस फैसले से आम लोगों को अंचल कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने से छुटकारा मिलेगा और प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। सरकार ने सभी जिलों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं कि अब जमीन मापी के लिए कोई भी ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही मापी के बाद रिपोर्ट भी कागज पर देने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। यदि कोई कर्मचारी इस नए नियम का पालन नहीं करता है, तो संबंधित अंचल के अमीन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत जमीन मापी के दौरान तकनीक का विशेष इस्तेमाल किया जाएगा। अमीन को मौके पर ही जियो टैग फोटो लेकर उसे पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसका मतलब है कि मापी के दौरान ली गई तस्वीरों में स्थान और समय की पूरी जानकारी दर्ज होगी, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी या फजीवाड़े की संभावना कम हो जाएगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि जियो टैग फोटो अपलोड नहीं की जाती है, तो मापी की प्रक्रिया अधूरी मानी जाएगी। इस कदम से पूरे सिस्टम में पारदर्शिता आएगी और जमीन विवादों में कमी आने की उम्मीद है। इस नई व्यवस्था से आम रैयतों (जमीन मालिकों) को काफी राहत मिलेगी। पहले लोगों को मापी के लिए कई बार अंचल कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी होती थी। कई मामलों में दलालों की भूमिका भी सामने आती थी, जिससे लोगों को परेशानी होती थी।अब लोग घर बैठे ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और पूरी प्रक्रिया की जानकारी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर पाएंगे। इससे न केवल सुविधा बढ़ेगी बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी। सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी सख्त इंतजाम किए हैं। अब जमीन मापी से जुड़े सभी मामलों की मॉनिटरिंग अपर समाहर्ता (अर्प्इ्ङ्मल्लं' उङ्म' 'ीू३ङ्म१) स्तर से की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी नियमों का सही तरीके से पालन करें। पिपरा की अंचल अधिकारी उमा कुमारी ने बताया कि इस नई व्यवस्था से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब रैयतों को बार-बार कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी और तय समय सीमा के भीतर उनका काम पूरा हो जाएगा।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग रेलकर्मी से लाखों की लूट पुलिस चौकी के पास वारदात से मचा हड़कंप



**एजेंसी। पटना**

बिहार में बढ़ती छिनतई की ाटनाओं के बीच जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र से एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त रेलकर्मी को निशाना बनाते हुए उनसे दो लाख रुपये लूट लिए। हैरानी की बात यह है कि यह वारदात पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर हुई। पीड़ित विशुनदेव यादव ने बताया कि वह दोपहर करीब ढाई बजे र३ं३ी इंल्ल' ङ्का क्ल्र्ल्रं की शाखा से दो लाख रुपये निकालकर अपने घर संसारपुर लौट रहे थे। पैसे उन्होंने अपनी पोती की शादी के लिए निकाले थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि कोई पहले से उनकी हर गतिविधि पर नजर रखे बैठा है। घटना के दौरान झाझा बस स्टैंड के पास एक युवक ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे किसी तरह आगे बढ़ गए। इसके बाद जैसे ही वह एकडारा के पास पहुंचे, तभी घात लगाए दो बाइक सवार अपराधियों ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और तभी तीसरे बदमाश ने उनके थैले में रखे रुपये छीन लिए।पूरा घटनाक्रम कुछ ही सेकंड में हुआ और अपराधी पैसे लेकर फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग मौके पर जुट गए, लेकिन तब तक बदमाश काफी दूर निकल चुके थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, थानाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह और डीआईयू की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस बैंक और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी पोती की शादी के लिए बड़ी उम्मीद के साथ पैसे लेकर घर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही अपराधियों ने उनकी खुशियों पर पानी फेर दिया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।